प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.02.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

.....

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल परिवार सहित प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली , समृद्धि व प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति और स्वस्थ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री का आज शिमला लौटने का कार्यक्रम है।

.....

आज महाशिवरात्रि का पर्व देश सहित प्रदेशभर में पूर्ण श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

वहीं मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव कल 27 फरवरी से भव्य शोभा यात्रा के साथ शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।, जबकि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 5 मार्च को महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी ज़िला संवाददाता

इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभमानाएं दी हैं।

.....

13 जनवरी पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शुरू हुए महाकुंभ का आज महाशिवरात्रि पर समापन हो रहा है। इस महाकुंभ का यह अन्तिम स्नान है। इस अवसर पर देशभर के श्रद्धालु आज सुबह से ही त्रिवेणी संगम और अन्य घाटों पर स्नान कर रहे हैं।

इस महाकुम्भ में अब तक 64 करोड़ 60 लाख से अधिक तीर्थयात्री डुबकी लगा चुके हैं। महाशिवरात्रि का कुम्भ के संदर्भ में महत्व और अधिक बढ़ गया है। महाकुम्भ के आज आखिरी दिन श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। रेलवे स्टेशनों और प्रयागराज जाने वाली सड़कों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मेला क्षेत्र में वाहनों को आने–जाने की अनुमति नहीं है।

.....

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को शिवा प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिमला में इस परियोजना को लेकर अधिकारियों के साथ एक बैठक की और कहा कि कार्यों में देरी बर्दाशत नहीं की जाएगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के सात ज़िलों में एक हजार दो सौ 92 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी शिवा परियोजना चलाई जा रही है और इसका उद्देश्य अमरूद, संतरा, लीची व पलम जैसे फलों की खेती को प्रोत्साहित कर किसान परिवारों को लाभान्वित करना है।

.....

राज्य सरकार ने अधिकारियों के अर्जित अवकाश और विदेश में अर्जित अवकाश को लेकर जरूरी निर्देश जारी किए हैं। इन आदेशों के तहत अब कोई भी अधिकारी बिना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अवकाश पर नहीं जा सकेगा। आदेशों की अवहेलना करने वाले अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्मिक विभाग की सचिव एम सुधा देवी द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि अवकाश पर जाने से पहले कम से कम 15 दिन पहले इसकी सूचना देनी होगी।

.....

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई वर्ष 2025–26 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दो बार कराने की योजना बना रहा है। बोर्ड ने इसके लिए तैयार किए गए मसौदे पर 9 मार्च तक विचार आमंत्रित किए हैं। मसौदे में , पहली परीक्षा फरवरी से मार्च तक और दूसरी परीक्षा मई में कराने का प्रस्ताव है। सीबीएसई ने कहा है कि दो में से एक परीक्षा मुख्य परीक्षा होगी और सुधार की जरुरत महसूस करने पर विद्यार्थी दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

.....

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जनजातीय ज़िलों सहित राज्यों की ऊंची चोटियों पर बीती रात से हिमपात जबकि निचले क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी है। मौसम में बदलाव के चलते लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा और शिमला जिला की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। जिसके चलते तापमान में 5 से 11 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। इस सीजन के दौरान प्रदेश में सामान्य से लगभग 69 फ़ीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 28 फरवरी तक प्रदेश में भारी बारिश बर्फबारी होने की संभावना जताई है। वहीं प्रदेश में हुई बारिश बर्फबारी किसानों व बागवानों के लिए लाभदायक मानी जा रही है।

...............